हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 29 मार्च, 2018/8 चैत्र, 1940 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री**].

कुल प्रश्न - 5

पाठशालाओं की स्थापना

54 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोले गए; विद्यालय के नाम तथा विद्यार्थियों की संख्या सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें कितने पद विभिन्न श्रेणी के अध्यापकों के स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं?

स्वीकृत राशि

55 **श्री सुरेश कुमार कश्यप(पच्छाद) ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बागवानी विभाग में किस मद में कितनी राशि स्वीकृत की गई है;

(ख) यह किस-किस कार्य के लिए स्वीकृत हुई है;

(ग) इसमें से कितनी राशि आबंटित कर दी गई है व किस-किस व्यक्ति को दी गई; नाम सहित ब्यौरा दें; और

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उद्यान विभाग के नाम कहाँ-कहाँ पर कितनी-कितनी भूमि है; इसका उपयोग किस लिए किया जा रहा है; कितनी बेकार पड़ी है; ब्यौरा दें ?

रिक्त पद

56 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुलरवाला(करसौली), जोघों तथा डोली में प्राध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

सिंचाई/पेयजल योजनाएं

57 **डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सोलन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सिंचाई एवं पेयजल योजनाएं हैं; कितनी निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) पेयजल योजना धरजा-शयरोड पंचायतों की अद्यतन स्थिति क्या है?

आयुर्वेद स्वास्थ्य केन्द्र

58 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अस्पताल/आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों व अन्य पैरा-मैडिकल स्टाफ के कितने पद सृजित हैं तथा इसमें से कितने रिक्त हैं; इनको कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 14 मार्च , 2018. **सचिव।**